राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

मासिक रिपोर्ट – अप्रैल 2023

एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** अब तक 1,35,036 स्मार्ट मीटर क्षेत्र में लगाए गए।
2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** अब तक 24,214 स्मार्ट मीटर क्षेत्र में लगाए गए।

सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखा जा सकता है।

ख. बैठक व गतिविधियाँ

1. माननीय विद्युत मंत्री के निर्देशों के अनुरूप में स्मार्ट ग्रिड फ्रेमवर्क पर विशेषज्ञ समूह की रिपोर्ट के अनुमोदन के आधार पर USAID के सहयोग से NSGM द्वारा स्मार्ट वितरण पर 'दृष्टिकोण नोट' (Approach Note) तैयार करना शुरू कर दिया है। 21 अप्रैल 2023 को इस नोट की पहली समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
2. 13 अप्रैल 2023 और 28 अप्रैल 2023 को सचिव (विद्युत) की अध्यक्षता में विद्युत (विलंब भुगतान अधिभार और संबंधित मामले) नियम - 2022, 'ग्रीन ओपन एक्सेस', स्मार्ट मीटरिंग, 'HP-DAM' और पुष्प पोर्टल के कार्यान्वयन की समीक्षा के संदर्भ में श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली में आयोजित व्यक्तिगत बैठकों में निदेशक NPMU ने भाग लिया। ।
3. सचिव (विद्युत) की अध्यक्षता में श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली में आयोजित 'RDSS' की साप्ताहिक समीक्षा बैठकों में निदेशक एनपीएमयू ने भाग लिया।
4. 25 अप्रैल 2023 को निदेशक और NPMU के अधिकारियों ने SAREP, USAID द्वारा 'डिमांड रिस्पोंस' विषय पर आयोजित राउंड टेबल बैठक में भाग लिया। इस बैठक में इसके संभावित उपयोगों और कार्यान्वयन रणनीतियों पर चर्चा की गई।
5. 20 अप्रैल 2023 को NPMU अधिकारियों ने TSDSI के SGSS समूह द्वारा 'SI 87 - ऊर्जा क्षेत्र के लिए संचार आवश्यकताएं और अनुशंसा' की प्रगति पर चर्चा हेतु आयोजित आभासी बैठक में भाग लिया।
6. अप्रैल 2023 तक, विभिन्न स्थानों पर 57 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर तैनात किए गए और लगभग 10 करोड़ स्मार्ट मीटर तैनात किए जाने हैं (REC, PFC, EESL और राज्य डिस्कॉम आदि से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार)। अधिक जानकारी https://www.nsgm.gov.in/en/state-wise-map और https://www.nsgm.gov.in/en/sm-stats-all से प्राप्त की जा सकती है।

sd/-

निदेशक, NPMU (प्रभारी)
dir.npmu.nsgm@gov.in